# यूपी पांच वर्ष में बनेगा दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश

## सीएम बोले- 'यूपी फॉर यूपी, यूपी फॉर इंडिया, यूपी फॉर ग्लोबल' के सपने को पांच साल में करेंगे साकार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच वर्ष में दस खरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनाने के साथ 'यूपी फॉर यूपी, यूपी फॉर इंडिया, यूपी फॉर ग्लोबल' के सपने को साकार किया जाएगा। इसके लिए नियुक्त सलाहकार संस्था डेलॉयट इंडिया और प्रदेश सरकार के बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में एमओयू साइन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय उत्तर प्रदेश का है। अपनी क्षमताओं और संसाधनों का पूरा लाभ उठाते हुए यूपी देश के बहुआयामी विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

उन्होंने कहा कि यूपी की क्षमताओं के अनुसार सेक्टरवार अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तय करते हुए इस बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पांच साल की समयसीमा निर्धारित की है। वर्ष 2027 तक यूपी सबका साथ-सबका विकास की नीति का मानक बनेगा। उन्होंने कहा कि अगले 90 दिनों में डेलॉयट इंडिया वर्तमान स्थिति के अनुसार सेक्टरवार अध्ययन करते हुए भावी कार्ययोजना प्रस्तुत करेगी। इसका परीक्षण मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति करेगी। मंत्री समूह की ओर से इसकी समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि डेलॉयट इंडिया के वैश्विक अनुभवों के लाभ मिलेगा। सभी विभागों से संस्था को सहयोग और समन्वय मिलेगा।

### विश्व प्रसिद्ध कंसल्टेंट एजेंसी डेलॉयट इंडिया और राज्य सरकार के बीच हुआ अनुबंध




डेलॉयट इंडिया और प्रदेश सरकार के बीच शुक्रवार को सीएम आवास में एमओयू साइन किया गया। - विज्ञप्ति

### यूपी अनंत संभावनाओं वाला प्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अनंत संभावनाओं वाला प्रदेश है। मगर इसकी क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए कभी सही प्रयास नहीं हुए। यहां हर जिले में कुछ न कुछ खास है। इसकी पहचान और प्रोत्साहन आवश्यक है। पर विकास में क्षेत्रीय असंतुलन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समग्र विकास के लिए 10 सेक्टर बनाए हैं। प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी अपर मुख्य सचिव स्तर के अनुभवी अधिकारी को दी गई है। सनराइज सेक्टर, आईटी आईटीईएस, डाटा सेंटर, पर्यटन सेक्टर, एमएसएमई, कृषि, शिक्षा और कौशल विकास, फूड प्रोसेसिंग, पावर जैसे सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।